# जिंदगी तेरे नाम लिख दी है भजन लिरिक्स

जिंदगी तेरे नाम लिख दी है,
बंदगी तेरे नाम लिख दी है,
हर खुशी तेरे नाम लिख दी है।bd।

---

जिंदगी ने जिंदगी की,
जिंदगी बर्बाद की,
जिंदगी ने जिंदगी को,
जिंदगी भर याद की,
ताजगी तेरे नाम लिख दी है,
बंदगी तेरे नाम लिख दी है,
हर खुशी तेरे नाम लिख दी है।bd।

---

जिंदगी जिंदगी से पूछे,
क्या है तेरी जिंदगी,
जिंदगी जिंदगी से बोली,
क्या बताऊँ जिंदगी,
दोस्ती तेरे नाम लिख दी है,
आशिकी तेरे नाम लिख दी है,
हर खुशी तेरे नाम लिख दी है।bd।

---

जिंदगी तेरे हवाले,
सुख से बीते जिंदगी,
जिंदगी जिंदगी से बिछड़े,
रो रो तड़पे जिंदगी,
रौशनी तेरे नाम लिख दी है,
ताजगी तेरे नाम लिख दी है,
हर खुशी तेरे नाम लिख दी है।bd।

---

ओ मेरी जिंदगी के मालिक,
तुझको तेरी जिंदगी,
अपने ही चरणों में ले लो,
प्यारे मेरी जिंदगी,
दीवानगी तेरे नाम लिख दी है,
मस्तानगी तेरे नाम लिख दी है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिंदगी तेरे नाम लिख दी है,
बंदगी तेरे नाम लिख दी है,
हर खुशी तेरे नाम लिख दी है।bd।

स्वर – श्री रसिका पागल बाबा।

ये भी देखें – लिख दी मैंने कर दी मैंने।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com